# प्रेस नोट थाना मिर्जापुर
# जनपद शाहजहांपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक 28.02.2025**

**थाना मिर्जापुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**

**SWAT टीम,सर्विलांस सेल टीम व थाना मिर्जापुर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में हत्या के अभियोग का खुलासा करते हुए 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस उप-महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद महोदय के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मिर्जापुर के नेतृत्व में थाना मिर्जापुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी।

दिनांक 23.02.2025 को थाना हाजा पर वादी मुकदमा सुरेश पुत्र राजाराम निवासी ग्राम पृथ्वीपुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर द्वारा अपने पुत्र जितिन उर्फ नेक्सू की अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से लाश को बोरी में भरकर ढाई रोड़ पर सड़क किनारे फेंक देने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 0052/2025 धारा 103(1)/238ए/3(5) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया था।

आज दिनांक 28.02.2025 को पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण श्यामवीर पुत्र अतर सिंह (पीआरडी) उम्र 50 वर्ष 2. जयवीर पुत्र अतर सिंह उम्र 30 वर्ष निवासीगण ग्राम पृथ्वीपुर थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर को अभियुक्तगण के घर ग्राम पृथ्वीपुर से समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशादेही पर अभियुक्तगण के घर में से मृतक जितिन उपरोक्त की हत्या करने में प्रयोग किया गया गमछा व लाश को छिपाने में प्रयोग किया गया अन्य सामान को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायायल के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का का विवरणः-**

श्यामवीर पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम पृथ्वीपुर थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर
जयवीर पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम पृथ्वीपुर थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 0052/2025 धारा 103(1)/238ए/3(5) बीएनएस थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर

**बरामदगी का विवरण**

1 01 एन्ड्रॉयड फोन
2 हत्या में प्रयुक्त गमछा आदि

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

**SWAT TEAM**

प्र0नि0 धर्मेन्द्र कुमार
हे0का0 सुशील शर्मा
हे0का0 खालिद हुसैन

हे0का0 दिलीप
हे0का0 रामसजीवन
हे0का0 विपिन
हे0का0 उदयवीर
हे0का0चा0 कपिल
का0 कमल

**सर्विलांस सेल टीम**

का0 शिवम कुमार
का0 सचिन यादव
का0 मुकुल खोखर

## थाना मिर्जापुर पुलिस टीम

प्र0नि0 योगेन्द्र कुमार
अ0नि0 जितेन्द्रप्रताप सिंह
उ0नि0 सन्त कुमार राठी
हे0का0 492 यशवीर सिंह
का0 2845 राजेन्द्र सिंह

## पुछताछ का विवरण

पुछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मृतक जितिन उर्फ नेक्सू,अभियुक्त श्यामवीर से अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने की जिद्द फोन पर करता रहता था तथा सम्बन्ध न बनाने पर जेल भिवनाने की धमकी दे रहा था मृतक रात्रि में दिनांक 20.02.25 को अभियुक्तगणों के घर पर आया व अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने के लिए जिद्द करने लगा मना करने पर मृतक द्वारा झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी दी गयी इसी बात से नाराज होकर अभियुक्तगण ने एक राय होकर गमछे से गला घोटकर उपरोक्त की हत्या कर दी व शव को छिपाने के लिए एक प्लासटिक के कट्टे में भरकर कट्टे का मुँह सूई धागे से सिलकर मोटर साईकिल से ढाई रोड पर फेक आए तथा मृतक का मोबाइल,जूते व गला घोटने वाला गमछा व सुई एक प्लास्टिक के कट्टे में भरकर घर के अंदर ही रेत में छिपा दिया था जो आज अभियुक्तगणों की निशानदेही पर बरामद किए गये।